चार्म पैक्स, नालन्दा

जनसंवाद प्रतिवेदन 2014

ईसलामपुर, नूरसराय, राजगीर, सिलाव, अस्थावाँ, बिहारशरीफ सदर, हिलसा सभी नालन्दा जिला के महत्वपूर्ण प्रखण्ड है। 7 प्रखण्डों 2018 की कम अबादी लगभग चार लाख है, पहली बार वर्ष-2014 में जनसंवाद का आयोजन किया गया। जिसमें जनता एवं सेवा प्रदाता के बीच संवाद स्थापित हुआ। जनता की मांग पर सेवा प्रदाता ने अपनी कमियों को दुर करने का प्रयास किया।

चार्म का काम महिलाओं और 0 से 5 साल तक के बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण स्तर में सुधार लाना है। नालन्दा जिला के 7 प्रखण्डों के 77 पंचायत एवं 46 वार्डों के 53423 घरों की 319033 की दलित एंव मुस्लिम आबादी के साथ चार्म पिछले 2 सालों से काम कर रहा है। पिछले 2 सालों में काम के दौरान 'चार्म' की टीम ने पाया कि अधिाकांशतः लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में सही जानकारी नहीं है। सरकरी अस्पतालों को लेकर उनके मन में निराशा की भावना है, इसलिए जो परिवार जरा भी सक्षम होता है वह निजि अस्पताल में इलाज कराने लगता है। निजि अस्पताल में इलाज के दौरान अच्छा खासा खर्च होता है। लोगों ने बताया कि इलाज के लिए अक्सर उन्हें महाजन से कर्ज भी लेना पड़ता है।

नालन्दा जिला के छः प्रखण्डों एवं बिहारज़रीफ़ सदर में जनसंख्या के हिसाब से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर संसाधान की कमी है। दवाओं की कमी बराबर बनी रहती हैं। लोगों को अक्सर बाहर से दवा खरीदनी पड़ती है। सेवा प्रदाताओं की भी कई समस्याएँ सामने आयी। क्षेत्र में लगातार काम करने के दौरान लगा कि जनसंवाद एक अच्छा माध्यम हो सकता है जहां जनता अपनी समस्याएँ सरकारी सेवा प्रदाता के सामने रखे। साथ ही सेवा प्रदाता भी अपनी बातों को जनता के सामने रखें। पूरे सरकारी तंत्र को कैसे बेहतर बनाया जा सकता है इस पर लागातार काम करने की जरूरत है। जनप्रतिनिधियों की भुमिका काफी महत्वपूर्ण है। अब ये जरूरी है, कि जनता आगे बढ़कर हिस्सा लें। पूरी व्यवस्था को ठीक करने के लिए जनसंवाद एक बेहतर माध्यम हो सकता है। जनसंवाद के बाद कुछ गुणात्मक सुधाार हुआ है। पी0एच0सी0 में सफाई की स्थिति ठीक हुई है। लोगों की शिकायत अब सुनी जा रही है। जन संवाद के पश्चात् दवा की उपलब्धता रहती है। डॉक्टर पहले से ज्यादा नियमित हुए हैं। और मरिजों को बेहतर तरीकों से देखा जा रहा है।

इस जनसवंद का आयोजन ईसलामपुर, नूरसराय, राजगीर, सिलाव, अस्थावाँ, बिहारशरीफ सदर, हिलसा की जनता, जनप्रतिनिधियों, खातुन मजलिस, दोशिजा मजलिस, नारी सभा और किशारी मंडल के सदस्यों ने मिलकर किया। इस जनसंवाद को पैक्स की मदद से चार्म की देख-रेख में आयोजित किया गया।

आभार

नालन्दा जिला के सिविल सर्जन और जिला स्वास्थ्य समिति के दूसरे पदाधिकारियों के प्रति हम आभार व्यक्त करते हैं जिनके मार्ग दर्शन के बिना जन संवाद का आयोजन मुमकिन नहीं थ। हम प्रथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ईसलामपुर, नूरसराय, राजगीर, अस्थावाँ, बिहारशरीफ सदर, हिलसा के सेवाप्रदाता, जनप्रतिनिधी, खातून मजलिस, नारी सभा, दोशिजा मजलिस और किशोरी मंडल के सदस्यों तथा आम जनता के प्रति आभार प्रकट करते हैं, जिन्होने जनसंवाद के सफल बनाने में मदद की। हम जूरी के सदस्यों के प्रति भी आभार व्यक्त करते हैं जिनकी मौजदगी ने जनसंवाद को बल दिया। सहयोग के लिए हम 'पैक्स' के आभारी हैं।

डॉ0 शकील उर रहमान
कार्यकारी निदेशक
सेंटर फॉर हेल्थ एण्ड रिसोर्स मैनेजमेंट

उद्देश्य

इस जनसंवाद का मुख्य उद्देश्य है जनता को पंचायत स्तर पर हर संभव स्वास्थ्य सेवा प्राप्त हो। जनसंवाद सेवा प्रदाता एवं जनता के बीच एक माध्यम है जिससे जनता अपने अधिकारों के प्रति जागरुक हो एवं सेवा प्रदाता बेहतर सेवा दे सकें।

जन संवाद प्रतिवेदन -इसलामपुर

स्थानः- नेताजी सुभाष उच्च विद्यालय, इसलामपुर

आयोजकः- सेंटर फॉर हेल्थ एंड रिर्सोस मैनेजमेंट

प्रायोजकः- पुअरेस्ट एरिया सिविल सोसाइटी

निर्णायक मंडल के सदस्य :-

1. मो0 निजामुउद्दीन (सचिव, समा विकास समिति, इसलामपुर)
2. मो0 मोईनुउद्दीन मंसूर (सेवानिवृत शिक्षक)

दिनांक - 12.02.2014

नेताजी सुभाष उच्च विद्यालय, इसलामपुर में चार्म संस्थान की ओर से 12.02.2014 को समुदाय आधारित नियोजन एवं अनुश्रवण कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य के मुद्दों पर जनसंवाद का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता समा विकास समिति के सचिव मो0 निजामुउद्दीन ने की। जन संवाद में स्वास्थ्य सेवा प्रदाता की तरफ से डा0 वाल्मीकि प्रसाद उपस्थित थे। सेंटर फॉर हेल्थ एंड रिर्सोस मैनेजमेंट की ओर से जिला समन्वयक ओम प्रकाश कुमार पहुंचे थे। चार्म संस्था के नूरसराय प्रखंड समन्वयक चन्द्रउदय कुमार ने जनसंवाद में शामिल लोगों का स्वागत किया। परिवर्तन अभिकर्ता अनुराधा, पूजा और जसमीन ने स्वागत गीत गाये।

चार्म संस्था के नालंदा जिला समन्वयक ओम प्रकाश कुमार ने जनसंवाद, समुदाय आधाारित नियोजन और अनुश्रवण कार्यक्रम के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। इसलामपुर प्रखंड समन्वयक शमशाद आलम ने ग्राम रिपोर्ट प्रस्तुत किया।

रोगों की निगरानी-

- सेवाएं नहीं मिल रही है - आठ गाँवों में जल स्त्रोंतों, क्लोरिन की गोलियां ,आंत्रशोथ , पीलिया, खसरा, दस्त एवं मलेरिया के बारे में जानकारी इकट्ठा करने की सेवाएं नहीं मिल रही हैं। मलेरिया एवं डायरिया के प्रकोप से बचाव के बारे में नहीं बताया जा रहा है। गर्भावास्था, जन्म व मृत्यु का पंजीकरण की सेवाएं समुदाय को नहीं मिल रही है।

बाहरी कार्यकर्ताओं द्वारा उपचार योग्य सेवाएं

- सेवाएं नहीं मिल रही हैं - स्वास्थ्य केंद्र पर रेफरल सेवाएं नहीं मिल रही हैं। गांव में बुखार, खांसी या दस्त की दवा नहीं मिलती है। दुर्घटना/अप्रत्याशित घटना (एक्सिडेंट) की स्थिति में और मलेरिया पॉजिटिव रोगी को गांव में प्राथमिक चिकित्सा /उपचार प्राप्त नहीं होता है।
- सेवाएं मिल रही हैं - आठ गांवों में स्वास्थ्य व पोषण दिवस का आयोजन गाइड लाइन के अनुसार नहीं होता है. केवल टीकाकरण का काम होता है। टीबी की दवा मिल रही है।

मुक्त राशि-

- सेवाएं नहीं मिल रही हैं- सभी गांवों में ग्राम स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता समिति को मुक्त राशि की कोई जानकारी नहीं हैं। मुक्त राशि से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक ले जाने के लिए परिवहन सेवाएं नहीं मिल रही हैं। एएनएम/आशा दवाइयां एवं स्वच्छता की सामाग्री नही खरीदती। किसी गांव में तीन माह

में ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वाच्छता समिति द्वारा जागरूकता अभियान नहीं चलाया गया है।

देखभाल की गुणवत्ता-

- सेवाएं नहीं मिल रही हैं - चार गांवों के लोगों का कहना है कि पी0एच0सी0 पर सेवा प्रदाता द्वारा तुरंत आपातकालीन सेवाएं प्रदान नहीं की जाती है। चार गांवों की महिलाओं का कहना है कि डाक्टर का व्यवहार अपमानजनक है।
- पैसे की मांग-चार गांव की महिलाओं का कहना है कि सेवा के बदले में पैसे की मांग की जाती है।

आशा कार्यकर्ता की भूमिका एवं जिम्मेदारी-

- सेवाएं नहीं मिल रही हैं- छह गांव की आशा ने कहा, नियमानुसार प्रोत्साहन राशि नहीं मिलती है। आठ गांव की आशा ने कहा कि पिछले तीन माह में ए.एन.एम. या अन्य कोई संबंधित व्यक्ति ने रिफ्रेशर प्रशिक्षण आयोजित नहीं किया है। पिछले तीन माह में किसी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र/एस.डि.एच (अनुमंडलीय स्वास्थ्य केंद्र) में रेफरर नहीं किया गया है।
- आंशिक सेवाएं मिल रही हैं - छह गांवों की आशा ने कहा कि उन्होंने गांव में गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव करवाने की सलाह दी है। आठ गांवों की आशा ने कहा कि उन्होंने गांव में कुछ गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव करवाने की सलाह दी। आठ गांवों की आशा ने कहा कि नियमानुसार कुछ प्रोत्साहन राशि प्राप्त होती है।
- सेवाएं मिल रही हैं - छह गांव की आशा ने कहा कि तीन माह में आगनवाड़ी कार्यकर्ता ने गाइड लाइन के अनुसार स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का आयोजन नहीं किया है। केवल टीकाकरण होता है। आठ गांवों की आशा ने कहा कि कार्यों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं ए. एन.एम. का सहयोग प्राप्त होता है।

आशा के प्रति महिलाओं एवं समुदाय की धारना-

- सेवाएं नहीं मिल रही हैं - महिलाओं ने कहा कि गर्भावस्था देखभाल और जन्म से छह घंटे के अंदर नवजात शिशु की देखभाल की सलाह आशा नहीं देती है। मामूली बीमारियाँ जैसे सर्दी, खांसी, दस्त की दवाइयाँ नहीं देती है क्योंकि उनके पास दवाइयां नहीं होती हैं। दाई आशा, ए. एन.एम. तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को स्वास्थ्य संबंधी बातें तथा मुक्त राशि के बारे में नहीं बताती हैं।

सेवाएं मिल रही हैं - छह गांव की महिलाओं ने कहा कि गर्भवती महिलाओं का प्रसव कराने आशा उनके साथ अस्पताल जाती हैं।

बच्चे का स्वास्थ्य-

- सेवाएं नहीं मिल रही हैं - महिलाओं ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रत्येक माह बच्चों का वजन लेने के बाद कार्ड/चार्ट पर दर्ज नहीं करती है। आठ गांवों की महिलाओं ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हमें सूचित नहीं करती है। बच्चों का वजन नहीं करती है। आठ गांव की समुदाय की महिलाओं ने कहा ए.एन.एम. पांच साल से कम उम्र के बच्चों का उपचार नहीं करती है। रेफर नहीं करती है और दोबारा देखने के लिए नहीं बुलाती है। घर पर देखने नहीं आती है। अस्पताल से छूटने के बाद घर पर

मिलने नहीं जाती है। गांव के सभी समुदाय की महिलओं ने कहा कि ए.एन.एम. जन्म के समय सामान्य वजनवाले बच्चे या फिर कम वजनवाले बच्चे या दोनों ही स्थिति में घर पर मिलने नहीं आयी।

- सेवाएं मिल रही हैं – आठ गांव की सभी समुदाय की महिलाओं ने कहा कि ए.एन.एम. माह में कम–से –कम एक बार टीकाकरण के लिए आती हैलेकिन ग्राम स्वास्थ्य दिवस का आयोजन गाइड लाइन के अनुसार नहीं करती हैं.

मातृ स्वास्थ्य गारंटी–

- सेवाएं नहीं मिल रही हैं – आठ गांव की महिलाओं ने कहा कि ए.एन.एम. गर्भ की पुष्टि के बाद नाम पंजीकृत नहीं करती है। सभी महिलाओं ने कहा कि ए.एन.एम. प्रसव से पहले चार बार बी.पी. और पेट की जांच नहीं करती है। सभी महिलाओं ने कहा कि ए.एन.एम. पेशाब की जांच नहीं करती है। आठ गांव की महिलाओं ने कहा कि आंगनवाड़ी से लगातार पूरक पोषक आहार नहीं मिलता है। गांव की सभी महिलाओं ने कहा कि ए.एन.एम. खानपान, आराम या फिर से सेंटर पर मिलने की सलाह नहीं देती है। गर्भावस्था के दौरान होनेवाले खतरे के संकेत, परिवार नियोजन आदि के बारे में नहीं बताती हैं। सभी महिलाओं ने कहा कि ए.एन.एम., आशा या कोई अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रसव के बाद प्रथम सप्ताह में तीन बार मिलने नहीं आयी।

- सेवाएं मिल रही हैं – आठ गांव की महिलाओं ने कहा कि ए.एन.एम. गर्भावस्था की पुष्टि के बाद नाम पंजीकृत करती है। आठ गांव की महिलाओं का कहना है कि ए.एन.एम. आयरन की गोलियां देती है। सभी महिलाओं ने कहा ए.एन.एम. टेटनस की दो सूई देती है। सभी महिलाओं ने कहा कि ए.एन.एम. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र/एफआरयु/अस्पताल में प्रसव के लिए रेफर करती है। आठ गांव की महिलाओं को आंगनबाड़ी से लागातार पूरक पोषण आहार नहीं मिला।

जननी सुरक्ष योजना–

- सेवाएं मिल रही हैं – 33 गांव की महिलाओं ने कहा कि उन्होंने संस्थागत प्रसव कराये हैं। सात गांव की महिलाओं ने कहा कि आशा उनके साथ अस्पताल गयी थी। 29 गांव की महिलाओं ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव कराने पर दी जाने वाली राशि 1400 रुपये मिले।

- सेवाएं नहीं मिल रही हैं – 12 गांव की महिलाओं ने कहा कि संस्थागत प्रसव नहीं कराया है। 12 गांव की महिलाओं ने कहा कि आशा उनके साथ अस्पताल नहीं गयी थी। सात गांव की महिलाओं ने कहा कि घर में प्रसव के दौरान सफाई के पांच बिंदुओं का धयान नहीं रखा गया। उदाहरण के तौर पर नया ब्लेड (डिस्पोजेबल डिलेवरी किट का इस्तेमाल),पानी में उबला हुआ धागा, साबुन से धुला हाथ, साफ जमी़न जहां गर्भवती को लिटाया गया और साफ नाल (नाल पर कुछ नहीं लगाना) का ख्याल नहीं रखा गया है।

प्रतिकुल परिणाम सेवाएं –

- सेवाएं मिल रही हैं – सभी महिलाओं ने कहा कि सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में सेवा प्रदाता द्वारा

उपचार करने से मना नहीं किया गया। सभी महिलाओं ने कहा कि उनको रेफरल पर्ची या एंबुलेंस के बिना रेफर किया गया। दस गांव की महिलाओं ने कहा कि सेवा प्रदाता ने उनसे पैसे की मांग की।

अभिवंचित समुदाय का स्कोर देखभाल की गुणवत्ता-

- व्यवयहार अच्छा है - आठ गांव की महिलाओं ने कहा कि ए.एन.एम. का व्यवहार अच्छा है। 11 गांव की महिलाओं का कहना था कि नर्स का व्यवहार अच्छा है। 11 गांव की महिलाओं ने कहा कि डाक्टर का व्यवहार ठीक-ठाक है। दो गांव की महिलाओं का कहना था कि डाक्टर का व्यवहार अपमानजनक है। चार गांव की महिलाओं का कहना था कि नर्स का व्यवहार अपमानजनक है। छह गांव की महिलाओं का कहना है कि नर्स का व्यवहार भद्दा है।
- स्वाएं नहीं मिल रही हैं -24 गांव की महिलाओं का कहना है कि पी.एच.सी. पर सेवा प्रदाता द्वारा तुरंत आपातकालिन सेवाएं प्रदान नहीं की जाती है। पैसे की मांग की जाती है। 14 गांव की महिलाओं का कहना था कि सेवा प्रदाता बदले में पैसे की मांग करते हैं।

सब सेंटर की संरचना और कर्मियों की उपलब्धता-

- आठ उप स्वास्थ्य केंद्र का अपना भवन है। ए. एन.एम. नियुक्त है। दूसरी ए.एन.एम. महिला सब सेंटर पर या करीब के गांव में नहीं रहती है। एम.पी.डब्लू. की नियुक्ति नहीं है। सब सेंटर में पानी उपलब्ध है। सब सेंटर में शौचालय चालू अवस्था में नहीं हैं। सभी सब सेंटर में नियमित बिजली आपूर्ति की व्यवस्था नहीं है। एम.पी. डब्लू के लिए सफाईकर्मी/सहायक की व्यवस्था नहीं है। कुछ सब सेंटर गांव से बाहर हैं।

उपकरण, आपूर्तियां एवं उपलब्धाता-

- एक टेबल और दो कुर्सियां हैं। जांच का मेज/आइ.यू.सी.डी. मेज फोमवाले गद्दे के साथ नहीं है। प्रतीक्षा कर रहे लागों के लिए बैठने का बेंच नहीं है। बिना हाथ की कुर्सी नहीं है। दवाओं का बक्सा है। प्रसव टेबल नहीं है। वयस्क के लिए वजन मशीन 125 किलो क्षमता का है। एक मशीन खराब है। शिशु के लिए वजन मशीन 10 किलो क्षमता का है। मग नहीं है। बालटी है। किरोसिन स्टोव चालू हालत में है। ढक्कन के साथ सॉसपैन नहीं है। पानी का जग नही है। कूड़े की बालटी ढक्कन के साथ नहीं है। रबर/प्लास्टीक सीट दो मीटर नहीं है। डिस्पोजल सामान को फेंकने के लिए बालटी हाइपोक्लोरीट के साथ नही है, पानी स्टोर करने के लिए ड्रम नल के साथ नही है।
- डिस्पोजल सामान को फेंकने के लिए बालटी ढक्कन के साथ नही है। एप्रन नही हैं, ब्लीचिंग पाउडर है। रूई का बंडल नही है। रजिस्टर/रिकॉर्ड है। हाथ धोने का साबुन और कपड़े साफ करने का साबुन नहीं है। तौलिया नही है। घड़ी नहीं है। लैंप नहीं है। यूरीन टेस्ट कीट नही है। कॉपर टी नही है। कंडोम है। ड्रेसिंग का सामान नहीं है, डिलीवरी कीट नहीं है।

आइ.पी.एच.एस. मानक के आधार पर आवश्यक औजार की सूची :

- बेसिन (528 एम एल स्टील) नहीं है। गहरा बेसिन 6 लीटर की क्षमता नहीं है। औजार रखने का ट्रे ढक्कन के साथ (310,195,63 एम.एम)

नहीं है। बड़ा टॉर्च 4 बैटरी के साथ नही है। स्टील का ढक्कन के साथ ड्रेसिंग ड्रम (945 लीटर) नही है। हीमोग्लोबीन मीटर नहीं है। टीशु फोरसिप (160 मी0मीटर) नही है। स्ट्रलाइजर है। सीधी सर्जिकल कैची (140 मी0मीटर) नही है। सीम्स युट्रीन डीप्रर/प्रतिकार्क नहीं है। मेजरिंग जग (एक लीटर) नहीं है। फीगमोमेनामीटर एंड्रामीटर (300 मी0मीटर) नहीं है। केलिस हेमोस्टेट फोरसिप (140 मी0मीटर) नहीं है। सीम्स यौनिक वीक्षक दो सीरोवाला नहीं है। यूटराइन साउंड ग्रेडयेट नहीं है। टीका ले जाने वाला डिब्बा दो है। आठ आइस पैक बॉक्स है। पांच स्पंज पकड़नेवाला नही है। सादा फोरसीप 10 नहीं है। सीधी सिलने वाली सूई 10 नहीं है। थोड़ी घूमी हुई सिलने वाली सूई 10 नही है। किडनी ट्रे 4 छोटा 4 बड़ा नही है। क्लीनिकल थर्मामीटर मुंह वाला 1 नहीं है। फीटोस्कोप 1 नही है। ड्रेसिंग फोरसिप स्टील का 160 लीटर 1 नहीं है। आट्री फोरसीप (सीधाी स्टील का 160 लीटर) 1 नहीं है। गर्भनाल काटने का घुमावदार कैंची 1 नहीं है। **तलक्वीस्ट** एचवी स्केल 1 नही है। स्टेथोस्कोप 1 है। हब कटर है। अम्बु थैली, बेबी मास्क के साथ 1 नहीं है। ट्रेकिंग बैंक और टीकाकरण नक्शा 1 नहीं है। माप वाला टेप 1 नहीं है। आइवी स्टैंड नहीं है। स्ट्रलाइजर बायलर है, लेकिन खराब है। वीपी मशीन है, ग्लब नहीं है। आइ.यू.सी.डी. कीट नहीं है।

दवाइयां :

- आरसीएच कीट है। आर.सी.एच. कीट बी है। ओ.आर.एस. आशा के पास है। ओ.आर.एस. बच्चों वाली है। आइ.एफ.ए. बड़ा है। आइ.एफ. ए छोटा भी है।

सेवा की उपलब्धता :

- सब सेंटर पर ए.एन.सी. की सेवा उपलब्ध है। सब सेंटर पर प्रसव की सेवा उपलब्ध है। सब सेंटर पर एन.एन.एम. प्रसवा कराने में प्रशिक्षित है। जटिल प्रसव में रेफरल स्लिप नहीं दिया जाता है। बच्चों के लिए टीकाकरण की सुविधा है। ए.आर.आइ. के उपचार की सुवधिा नहीं है। डायरिया के इलाज की सुविधा है। नोट- ओ. आर.एस. आशा के पास है। आर.टी.आइ. के लिए रेफरल की सुविधा है। परिवार नियोजन की गोलियां व कंडोम उपलबध है। आइ.डी.यू. लगाने की सुविधा है। कुपोषण के लक्षण व बचाव की जानकारी मिलती है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की संरचना और कर्मियों की उपलब्धता :

- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक आने-जाने के लिए नियमित रूप से सार्वजनिक परिवहन सुविधा है। हर मौसम में सड़क सुविधा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरकारी भवन में है। एंबुलेस कार्यशील अवस्था में है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की हालत अच्छी है। नियमित पानी की सुविधा है। नियमित बिजली / जेनेरेटर की सुविधा है। शौचलय चालू अवस्था में है। फोन की सुविधा है। प्रयोगशाला है। सभी बिस्तर/बेड चालू हालत में है। छह बेडसीट है। पैरामेडिकल स्टाफ के लिए क्वार्टर नहीं है।

कर्मचारियों की आवश्यक सूची आइ.पी.एच.एस. दिशा निर्देश प्रति अनुसार:

- दो मेडिकल ऑफिसर रेगुलर हैं. एक

फार्मासिस्ट है। नर्स मिडवाइफ है। एक महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता है। एक पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता नहीं है। सहायक महिला कार्यकर्ता नहीं है। नेत्र सहायक नहीं है। दो कर्लक है। डेटा हैंडलर है।

उपकरण एवं उपलब्धता :

- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति सामान्य है:

  ऑक्सीजन सिलिंडर है। वैक्सीन ले जाने के लिए दो डिब्बा हर सब सेंटर के लिए है। पी. एच.सी. के लिए एक डिब्बा है। दो बीपी मशीन है। दो स्टैथोस्कोप है। वयस्क वजन स्केल है। बच्चों का वजन स्केल है। वाइनाकुलर माइक्रोस्कोप नहीं हैं। ऑटो क्लेव है। फ्रीज है। कोल्ड बक्सा हर वैक्सीन कैरियर के साथ है। आइस पैक हर वैक्सीन कैरियर के साथ है। फ्रीज टैग हर आइ.एल.आर. के लिए है। आइस बाक्स है। सामान्य डिलिवरी कीट है। वैक्युम प्रसव के लिए औजार है। फोरिसिप प्रसव के लिए औजार नहीं है। सर्जिकल सेट इपिस्टोमीस के लिए नहीं है। एम.बी.ए. का औजार नहीं है, कूड़ा फेंकने के लिए बालटी हाइपोक्लोराइड तथा ब्लीच के साथ है। थर्मामीटर है। कंप्यूटर, इंटरनेट की सुविधा है। आंखों की देखभाल तथा दृष्टि परीक्षण के लिए उपकरण नहीं है। बैटरी के साथ टार्च है। आवश्यक प्रयोगशाला जांच उपकरण है। नवजात शिशु देखभाल की सुविधा है। लंबाई मापने वाला स्केल है। नवजात शिशु के लिए 200 वाट बल्बवाला टेबल लैंप है। नवजात शिशु के आकार का **स्ल्प इन्फलैटीग** बैग और मास्क है। लेरिनगोस्कोप तथा एंडोटेकल इंटुवेशन नहीं है। बलगम निकालने के लिए पैर से संचालित सक्सन मशीन है। बच्चे को दूध पिलाने की ट्यूब नहीं है। स्पंज को पकड़ने के लिए दो फोरसिप है। गर्भाशय फोरसिप दो है। टेनाकुलम गर्भाशय फोरसिप दो है। एम.वी.ए. सीरिज और कैनुबेल 4–8 आकार का है। किडनी ट्रे एम.वी.ए. सीरिज खाली करने के लिए है। **टिशु टेनर** नहीं है। सूखा बैटरी 1.5 वोल्ट है। कार्टन को डुबाने के लिए एंटीसेप्टिक कटोरा है। गंदे उपकरण रखने के लिए क्लोरिनयुक्त ट्रे है। पूरी तरह से चालू हालत में प्रसव के लिए औजार है।

फर्नीचर

- छह प्लास्टिक कुर्सी इंडोर पेशेंट के लिए है। बिना हत्थे वाली सोलह कुर्सियां है। स्टील की चार अलमारी है। टीकाकरण/परिवार नियोजन/परमार्श के लिए टेबल है। प्रतिक्षारत लोगों के लिए दो बेंच है। पहिए वाली कुर्सी नहीं है। दो स्ट्रेचर नहीं है। लोहे की एक स्क्रीन है। पायदान पांच नहीं है। कोट टांगने के लिए दो हैंगर नहीं है। बिस्तर के बगल की मेज है। छह बेड गाइड टेबल है। बारह इंडोर पेशेंट के लिए लोहे का छह बिस्तर है। बच्चे का पालना दो नहीं है। स्टूल सात है। मेडिसिन चेस्ट एक है। लैंप एक है। लकड़ी का दो साइड रैक और स्टील का दो रैक है। पंखा छह है। ट्यूबलाइट 8 है। बेसिन स्टैंड दो है। बालटी चार है। एक–एक एल.पी.जी. और किरोसिन स्टोव है। एल.पी.जी. सिलिंडर एक है। ढक्कन के साथ सॉसपैन दो नहीं है। पानी स्टोर करने के लिए तीन रबड़/पलास्टिक संटिग 2 मीटर है। ड्रम पानी स्टोर करने के लिए दो है। गद्दा 12 है। फोम गद्दा ओटी के लिए दो है। प्रसव के लिए फोम

गद्दे दो है। बिस्तर के लिए 15 चादरें हैं। पंद्रह तकिया खोल के साथ नहीं है। कंबल 12 है। बच्चों का कंबल चार है। तौलिया 12 है। 20 मीटर पर्दा रॉड के साथ है। कचरा रखने के लिए पांच डिब्बे हैं।

सेवा उपलब्धता :

- प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र इसलामपुर सामान्य सेवाएं उपलब्ध है।

  प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नियमित रूप से प्रसव पूर्व चिकित्सा आयोजित की जाती है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में छोटे घावों का प्राथमिक उपचार किया जाता है। घावों एवं फोड़ो की सूक्ष्म सर्जरी की जाती है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जले हुए मरिजों का प्राथमिक उपचार नहीं किया जाता है। 24 घंटे सामान्य प्रसव सुविधा उपलब्धा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अनीमिया के मरीजों के खून की जांच नहीं होती है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिला के पेशाब की जांच होती है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्त्रियों के प्रजनन रोग संबंधी समस्याओं की अंदरूनी जांच की सुविधा नहीं है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्त्री रोग जैसे, सफेद प्रदर, मासिक धर्म विकार का उपचार नहीं होता है। एम.टी.पी. गर्भपात की सुविधा नहीं है। नवजात शिशु की देखभाल की सुविधा उपलब्ध है।

अनौपचारिक खर्च:

- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इसलामपुर सुविधा समान है।

  अस्पताल में नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध नहीं है। बाहर से दवा खरीदने को कहा गया। बाहर से जांच कराने के लिए कहा गया। प्राइवेट या सरकारी डॉक्टर के पास जाने के लिए कहा गया। नर्स व अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता ने पैसे की मांग की।

देखभाल की गुणवत्ता:

- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, इसलामपुर सुविधा समान है।

  डॉक्टर से मिलने के लिए दो से तीन घंटा इंतजार करना पड़ा। डॉक्टर द्वारा की गई जांच एवं चेकअप की प्रक्रिया से संतुष्ट नहीं है। डॉक्टर एवं अन्य सहायक कर्मचारियों का व्यवहार कुछ रोगियों के साथ खराब था। अस्पताल को साफ-सुथरा नहीं पाया।

रोगी कल्याण समिति :

- इसलामपुर रोगी कल्याण समिति का कार्यरत है।

  गठन के बाद से रोगी कल्याण समिति की बैठकें हुई हैं। सेंटर पर रोगी चार्टर नहीं है। सेंटर पर रोगियों की प्रतिक्रिया जानने के लिए शिकायत पेटी है। प्रतिक्रिया एकत्र की गयी और रोगी कल्याण समिति के साथ इस पर चर्चा हुई। रोगी कल्याण समिति ने अस्पताल के कामकाज के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं। रोगी कल्याण समिति से संबंधित फंड का व्यय (7800 रुपये) /रोगियों के कल्याण के लिए उठाये गये कदम। शुद्ध पानी के लिए कैंट आर.ओ. लगाया गया है। मरीजों के लिए भर्ती सेंटर उपलब्ध है। मरीजों के लिए एंबुलेंस 24 घंटा उपलब्ध है। रोगियों की शिकायत निवारण के लिए उठाये गये कदम। शिकायत मिलने पर उसका निवारण किया जाता है।

विचार :

- सचिव-मो निजामुउद्दीन (समा विकास

समिति, इसलामपुर) का कहना था कि आज इस जनसंवाद में जो भी मामला उठ रहा है, उसपर सरकारी अस्पताल के पदाधिकारीयों को अधिक ध्यान देना चाहिए। भविष्य में इस तरह की घटना न हो इसपर अधिक धयान देने की जरूरत है। कुछ दवाएं ऐसी भी होती हैं। जो अस्पताल में उपलब्ध नहीं होती है। लेकिान दवा खत्म होने पर प्रभारी को चाहिए कि जल्द से जल्द दवाइयां उपलब्ध करायी जायें। ताकि लोगों को कठिनायों का सामना न करना पड़े।

केस न0-1

- **राजमंती देवी** 24.06.13 को प्रसव कराने के लिए इसलामपुर के सरकारी अस्पताल गयी थीं। महमूदा पंचायत के महमूदा गांव की राजमंती सृजन चौधरी की पत्नी हैं। उन्होंने बताया कि एक रुपये का रशीद कटवाकर वह अस्पताल में एडमिट हुई थीं। लेकिन, वहां मरीजों को देखने वाला कोई नहीं था। नर्स भी देखने के लिए तैयार नहीं थी। बहुत गिड़गिड़ाने पर नर्स बोली कि दवा बाहर से ले आओ, तो मैं दे दूंगी। तब मेरे परिवार वाले 100 रुपये की दवा खरीदकर लाये। जब वह दर्द से कराह रही थीं, तब मदद मांगने पर नर्स ने मारने के लिए हाथ उठाया और कहा, क्या सिर्फ तुम्हें ही बच्चा हो रहा है। यहां आयी हो, तो चिल्लाओ मत नहीं तो बांधा कर मारूंगी। वह बहुत गुस्से में थी। चार घंटे के बाद उन्होंने लड़के को जन्म दिया, तो वह पैसे की मांग करने लगी। पैसे नहीं देने पर उनकी सास से झगड़ने और गाली देने लगी। अंत में जब वह नहीं मानी तो 100 रुपये देने पड़े।

निर्णय :

डॉ साहब ने कहा, कि राजमंती के साथ जो घटना हुई उसकी जानकारी उन्हें नहीं थी। वे प्रभारी तथा प्रबंधक सेबात करेंगे।

जन संवाद प्रतिवेदन - नूरसराय

स्थान:- प्रखंड परिसर मैदान

आयोजक:- सेंटर फॉर हेल्थ एंड रिर्सोस मैनेजमेंट

प्रायोजक:- पुअरेस्ट एरिया सिविल सोसाइटी

निर्णायक मंडल के सदस्य :-

1. श्री उमेश कुमार (समाजिक कार्यकर्ता)
2. श्री श्रवण कुमार गुप्ता (समाजिक कार्यकर्ता)

दिनांक:- 14.02.2014

दिनांक:- 14.02.2014 को प्रखंड कार्यालय परिसर मैदान, नूरसराय में चार्म संस्थान द्वारा समुदाय आधारित नियोजन एवं अनुश्रवण कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य के मुद्दों पर जनसंवाद आयोजित किया गया। जिसकी अधयक्षता उमेश कुमार ने की।

जनसंवाद में स्वास्थ्य प्रदाता की तरु से डा0 ज्ञौलेन्द्र सिन्हा उपस्थित थे। निर्णायक मंडल में उमेश कुमार व श्रवण कुमार गुप्ता शामिल थे। सेंटर ग्रॉर हेल्थ एंड रिर्सोस मैनेजमेंट से मो0 अरमान उर रेहमान व जिला समन्वयक ओम प्रकाश कुमार जनसंवाद को देखने पहुंचे थे।

चार्म संस्था के नूरसराय प्रखंड समन्वयक चन्द्रउदय कुमार ने अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया। परिवर्तन अभिकर्ता अंजनी देवी एवं साथी ने स्वागत गीत गाये।

चन्द्रउदय कुमार ने जन संवाद एवं समुदाय आधारित नियोजन व अनुश्रवण कार्यक्रम के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी।राजगीर प्रखंड समन्वयक रौशन कुमार ने ग्राम रिपोर्ट प्रस्तुत किया।

रोगों की निगरानी-

- सेवाएं नहीं मिल रही हैं- आठ गांवों में जल स्रोतों, क्लोरिन की गोलियां आंत्रशोथ, पीलिया, खसरा, दस्त और मलेरिया के बारे में जानकारी इकट्ठा करने की सेवाएं नहीं मिल रही हैं। मलेरिया एवं डायरीया के प्रकोप के बारे में सूचनाएं नहीं मिल रही हैं। गर्भावस्था, जन्म व मृत्यु का पंजीकरण की सेवाएं समुदाय को नहीं मिल रही हैं।

बाहरी कार्यकर्ताओं द्वारा उपचार योग्य सेवाएं-

- सेवाएं नहीं मिल रही हैं- स्वास्थ्य केंद्र पर रुेरल सेवाएं नहीं मिल रही हैं, गांव में बुखार, खासी या दस्त की दवाएं नहीं मिलती हैं। दुर्घटना/अप्रत्याशित घटना (ऐक्सिडेंट) की स्थिति में एवं मलेरिया पॉजिटिव के लिए गांव में प्राथमिक चिकित्सा/उपचार नहीं होता है।
- सेवाएं मिल रही हैं- 53 गांव में स्वास्थ्य व पोषण दिवस गाइड लाइन के अनुसार आयोजित नहीं होता है। केवल टीकाकरण का काम होता है। टी. बी की दवा मिल रही है।

मुक्त राशि-

- सेवाएं नहीं मिल रही हैं- सभी गांव में ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति को मुक्त राशि की कोई जानकारी नहीं है.मुक्त राशि से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक ले जाने के लिए परिवहन सहायता नहीं मिल रही है। ए.एन.एम./आशा कोई दवा व स्वच्छता सामग्री नहीं खरीदती। किसी गांव

में तीन माह में ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वाच्छता समिति द्वारा जागरूकता अभियान नहीं चलाया गया है।

देखभाल की गुणवत्ता–

- सेवाएं नहीं मिल रही हैं– 62 गांव के लोगों का कहना था कि पी.एच.सी. पर सेवा प्रदाता द्वारा तुरंत आपातकालीन सेवाएं नहीं दी जाती हैं। चार गांव की महिलाओं का कहना था कि डाक्टर का व्यवहार अपमानजनक है।
- पैसे की मांग–17 गांव की महिलाओं का कहना था कि सेवा के बदले में पैसे की मांग की जाती है।

आशा कार्यकर्ता की भुमिका एवं जिम्मेदारी–

- सेवाएं नहीं मिल रही हैं– 6 गांव की आशा ने कहा कि नियमानुसार प्रोत्साहन राशि नहीं मिलती है। 53 गांव की आशा ने कहा कि पिछले तीन माह में एएनएम या अन्य किसी सबंधित व्यक्ति ने रिफ्रेशर प्रशिक्षण आयोजित नहीं किया है। पिछले तीन माह में किसी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र/एस.डी.एच. (अनुमंडलीय स्वास्थ्य केंद्र) में रेफरर नहीं किया गया है।
- आंशिक सेवाएं मिल रही हैं– 6 गांव की आशा ने कहा, उसने गांव में गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव करवाने की सलाह दी। 11 गांव की आशा ने कहा कि उसने गांव में कुछ गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव करवाने की सलाह दी। 12 गांव की आशा ने कहा कि नियमानुसार कुछ आर्थिक प्रोत्साहन राशि प्राप्त होती है।
- सेवाएं मिल रही हैं– 53 गांव की आशा ने कहा कि तीन माह में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का गाइड लाइन के अनुसार आयोजन नहीं किया है। केवल टीकाकरण होता है। 62 गांव की आशा ने कहा कि कार्यों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं ए.एन.एम. का सहयोग प्राप्त होता है।

आशा के प्रति महिलाओं एवं समुदाय की धारणा –

- सेवाएं नहीं मिल रही हैं– महिला समुदाय ने कहा कि गर्भावस्था में देखभाल और छह घंटे के अंदर नवजात शिशु की देखभाल की सलाह आशा नहीं देती है। मामूली बीमारियां जैसे सर्दी, खांसी, दस्त के लिए दवाइयां नहीं देती हैं क्योंकि उनके पास दवाइयां नहीं होती हैं। आशा, ए.एन.एम. व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर–घर जाकर लोगों को स्वास्थ्य संबंधी बातें और मुक्त राशि के बारे में नहीं बताती हैं।
- सेवाएं मिल रही हैं– 8 गांव की महिलाओं ने कहा, आशा गर्भवती महिलाओं के साथ प्रसव के लिए अस्पताल जाती हैं।

बच्चे का स्वास्थ्य–

- सेवाएं नहीं मिल रही हैं– महिलाओं ने कहा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रत्येक माह बच्चों का वजन लेने के बाद उसको कार्ड/चार्ट पर दर्ज नहीं करती हैं। 6 गांव की महिलाओं ने कहा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हमें सूचित नहीं करती है। वजन नहीं करती है। 8 गांव की महिलाओं ने कहा, ए.एन.एम. पांच साल से कम उम्र के बच्चों का उपचार नहीं करती है। रेफरल या दोबारा देखने के लिएं नहीं बुलाती है। घर पर देखने व अस्पताल से छूटने के बाद घर पर मिलने नहीं जाती हैं। सभी गांव की महिलओं ने कहा कि ए.एन.एम. जन्म के समय सामान्य वजनवाले बच्चे या फिर कम वजन वाले बच्चे या दोनों ही स्थिति में घर पर मिलने नहीं आयी।

- सेवाएं मिल रही हैं- 6 गांव की की महिलाओं ने कहा, ए.एन.एम. माह में कम-से-कम एक बार टीकाकरण के लिए तो आती है, लेकिन ग्राम स्वास्थ्य दिवस का आयोजन गाइडलाइन के अनुसार नहीं करती है।

मातृ स्वास्थ्य गारंटी-

- सेवाएं नहीं मिल रही हैं- 8 गांव की महिलाओं ने कहा कि ए.एन.एम. गर्भावस्था की पुष्टि के बाद नाम पंजीकृत नहीं करती है। सभी महिलाओं ने कहा, ए.एन.एम. ने प्रसव से पहले 4 बार बी.पी और पेट की जांच नहीं करती है। सभी महिलओं ने कहा, ए.एन.एम. पेशाब की जांच नहीं करती है। 6 गांव की महिलाओं ने कहा, आंगनवाड़ी से लगातार पूरक पोषक आहार नहीं मिलता है। सभी गांव की महिलाओं ने कहा, ए.एन.एम. खानपान/आराम/फिर से सेंटर पर मिलने/गर्भावस्था में खतरों के संकेत/परिवार नियोजन आदि के बारे में नहीं बताती है। सभी महिलाओं ने कहा, ए.एन.एम./आशा/कोई अन्य स्वास्थ्यकर्ता प्रसव के बाद प्रथम सप्ताह में तीन बार मिलने नहीं आयी।
- सेवाएं मिल रही हैं- 6 गांव की महिलाओं ने कहा, ए.एन.एम. गर्भावस्था की पुष्टि के बाद नाम पंजीकृत करती है। 6 गांव की महिलाओं का कहना था कि ए.एन.एम. आयरन की गोलियां देती है। सभी गांव की महिलाओं ने कहा ए.एन.एम. टेटनस की दो सूई देती है। सभी गांव की महिलाओं ने कहा, ए.एन.एम. ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र/एफआरयु/अस्पताल में प्रसव के लिए रेफर करती है। 8 गांव की महिलाओं को आंगनबाड़ी से लागातार पूरक पोषण आहार नहीं मिला।

जननी सुरक्ष योजना-

- सेवाएं मिल रही हैं- 34 गांव की महिलाओं ने कहा, संस्थागत प्रसव कराया ह।. 6 गांव की महिलाओं ने कहा, आशा उनके साथ अस्पताल गयी थी। 27 गांव की महिलाओं का कहना था, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव कराने पर दी जाने वाली 1400 रुपये की राशि प्राप्त हुई है।
- सेवाएं नहीं मिल रही हैं-16 गांव की महिलाओं ने कहा, संस्थागत प्रसव नहीं कराया है। 13 गांव की महिलाओं ने कहा, आशा उनके साथ नहीं गयी थी। 6 गांव की महिलाओं ने कहा, घर में प्रसव के दौरान सफाई के पांच बिंदुओं का ध्यान नहीं रखा गया। नया ब्लेड (डिस्पोजबल डिलेवरी किट का इस्तेमाल)पानी में उबला हुआ धागा, साबुन से धुले हाथ, साफ जमी़न जहां गर्भवती को लिटाया गया, साफ नाल (नाल पर कुछ नहीं लगाना) आदि का ध्यान नहीं रखा गया।

प्रतिकुल परिणाम सेवाएं-

- सेवाएं मिल रही हैं-सभी महिलाओं ने कहा कि सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में सेवा प्रदाता द्वारा उनका उपचार करने से मना नहीं किया गया.सभी महिलाओं ने कहा कि उनको रुरल पर्ची या एंबुलेंस के बिना रुर किया गया.13 गांव की महिलाओं ने कहा कि सेवा प्रदाता ने उनसे पैसे की मांग की.

अभिवंचित समुदाय का स्कोर देखभाल की गुणवत्ता-

- व्यवहार अच्छा है- 8 गांव की महिलाओं का कहना था कि ए.एन.एम. का व्यवहार अच्छा है। 14 गांव की महिलाओं का कहना है कि नर्स का व्यवहार अच्छा है। 13 गांव की महिलाओं का

कहना था कि डॉक्टर का व्यवहार अच्छा/ठीक –ठाक है। दो गांव की महिलाओं का कहना था, कि डॉक्टर का व्यवहार अपमानजनक है। चार गांव की महिलाओं का कहना था, नर्स का व्यवहार अपमानजनक है। 06 गांव की महिलाओं का कहना था, नर्स का व्यवहार भद्दा है। सेवाएं नहीं मिल रही हैं– 24 गांव की महिलाओं का कहना था, पी.एच.सी. पर सेवा प्रदाता द्वारा तुरंत आपातकालिन सेवाएं प्रदान नहीं की जाती हैं। पैसे की मांग की जाती है। 16 गांव की महिलाओं कहना था कि सेवा प्रदाता बदले में पैसे की मांग करते हैं।

सब सेंटर की संरचना और कर्मियों की उपलब्धता–

- 8 उप स्वास्थ्य केंद्र का अपना भवन है। ए.एन.एम. नियुक्त है। दूसरी एएनएम महिला सब सेंटर पर या करीब के गांव में नहीं रहती है। एम.पी.डब्लू.की नियुक्ति नहीं है। सब सेंटर में पानी की नियमित उपलब्धता है। सब सेंटर में शौचालय चालू अवस्था में नहीं है। सभी सब सेंटर में नियमित बिजली की व्यवस्था नहीं है। एम.पी.डब्लू. के लिए सफाईकर्मी/सहायक की व्यवस्था नहीं है। कुछ सब सेंटर गांव से बाहर है।

उपकरण, आपूर्तियां एवं उपलब्धता–

- एक टेबुल है। कुर्सी दो है। जांच की मेज/आइयूसीडी मेज फोम वाले गद्दे के साथ नहीं है। प्रतिक्षा कर रहे लोगों के लिए बेंच नहीं है। बिना हाथ की तीन कुर्सी नहीं है। दवाओं का बक्सा है। प्रसव टेबुल नहीं है। वयस्क के लिए वजन मशीन 125 किलो क्षमता का है। एक का मशीान खराब है। शिशु के लिए वजन मशीन 10 किलो क्षमता का है। मग नहीं है। बालटी है। किरोसिन स्टोव एक चालू हालत में है। ढक्कन के साथ सॉसपैन एक नहीं है। पानी का जग एक नहीं है। कूड़े की बालटी ढक्कन के साथ एक नहीं है। रबर/प्लास्टिक सीट दो मीटर नही है। डिस्पोजेबल सामान को फेंकने के लिए बालटी हाइपोक्लोरीट के साथ नही है। पानी स्टोर करने के लिए ड्रम नल के साथ नही है। डिस्पोजेबल सामान को फेंकने के लिए बालटी ढक्कन के साथ नही है। एप्रन नहीं है। ब्लीचिंग पाउडर है। रूई का बंडल नही है। रजिस्टर/रिकॉर्ड है। हाथ धोने का साबुन और कपड़े साफ करने का साबुन नहीं है। तौलिया नही है, घड़ी नहीं है। लैंप नही है। यूरीन टेस्ट किट नहीं है। कॉपर टी नहीं है। कंडोम है। ड्रेसिंग नहीं है। डिलीवरी किट नहीं है।

आइ.पी.एच.एस. मानक के आधार पर आवश्यक औजार की सूची–

- बेसिन 528 एमएल स्टील का नहीं है। गहरा बेसिन 6 लीटर की क्षमता का नहीं है। औजार का ट्रे ढक्कन के साथ (310, 195, 63 एमएम)नहीं है। बड़ा टॉर्च 4 बैटरी के साथ नहीं है। स्टील का ढक्कन के साथ ड्रेसिंग ड्रम (945 लीटर) का नहीं है। हीमोग्लोबीन मीटर नहीं है। टीशु फोरसिप (160 मी0मीटर) नहीं है। स्ट्रलाइजर एक है। सीघी सर्जिकल कैची (140 मी0मीटर) नहीं है। सीम्स युट्रीन डीप्रज़र/प्रतिकर्ज़क 1 नही है, मेजरिंग जग एक लीटर का नहीं है। फीगमोमेनामीटर एंड्रामीटर (300 मी0मीटर) नहीं है। केलिस हेमोस्टेट फोरसिप (140 मी0मीटर) नहीं है। सीम्स यौनिक वीक्षक दो सिरों वाला 2 नहीं है। यूटराइन साउंड ग्रेडयेट 1 नहीं है। टीका को ले जाने वाला डिब्बा 2 है। आइसपैक बॉक्स 8 है। स्पंज को पकड़नेवाला 5 नही है। सादी फोरसीप 10 नही है। सीधाी सिलने वाली सूई 10 नहीं है। थोड़ी धुमी हुयी सिलने वाली सूई 10 नहीं

है। किडनी ट्रे 4 छोटा 4 बड़ा नही है। क्लीनिकल थर्मामीटर मुंह वाला नहीं है। फीटोस्कोप नहीं है। ड्रेसिंग फोरसिप स्टील का (160 लीटर) नहीं है। ऑट्री फोरसीप सीधी स्टील का 160 लीटर नहीं है। गर्भनाल काटने का कैची घुमावदार नहीं है। तलक्वीस्ट एच0वी0 स्केल 1 नही है, स्टेथेस्कोप है। हब कटर है। अम्बु थैली, बेबी मास्क के साथ नहीं है। ट्रेकिंग बैंक और टीकाकरण बक्सा नही है। मापवाला टेप नहीं है, आइ/वी स्टैंड नही है। स्ट्रलाइजर ब्वॉयलर खराब है। बी.पी मशीन है। ग्लब्स नहीं है। आइयूसीडी किट नहीं है।

दवाइयां–

- आर.सी.एच. किट है। आर.सी.एच. किट बी है। ओ.आर.एस. आशा के पास है। ओ.आर.एस. बच्चों वाला है। आइ.एफ.ए. बड़ा है। आइ.एफ.ए. छोटा है।

सेवा की उपलब्धता–

- सब सेंटर पर एएनसी की सेवा उपलब्ध है। सब सेंटर पर प्रसव की सेवा उपलब्ध है। सब सेंटर पर एन.एन.एम. प्रसव कराने में प्रशिक्षित है। जटिल प्रसव में रफेरल स्लिप नहीं दिया जाता है। बच्चों के लिए टीकाकरण की सुविधा है। ए.आर.आइ. के उपचार की सुविधा नहीं है। डायरिया के इलाज की सुविधा है। नोट – ओ.आर.एस. आशा के पास है। आर.टी.आइ. के लिए रेफरल की सुविधा है, परिवार नियोजन की गोलियां, कंडोम उपलबध है। आइ.डी.यू. लगाने की सुविधा है। कुपोषण की जानकारी देती है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की संरचना और कर्मियों की उपलब्धाता–

- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक आने– जाने के लिए नियमित रूप से सार्वजनिक परिवहन सुविधा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक आने–जाने के लिए हर मौसम में सड़क सुविधा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरकारी भवन में है। एंबुलेस कार्यशील अवस्था में है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अच्छी हालत में है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नियमित पानी की सुविधा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नियमित बिजली/जेनेरेटर से आपूर्ति है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शौचालय चालू अवस्था में है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में फोन की सुविधा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रयोगशाला है। सभी बिस्तर/बेड चालू हालत में है। 6 बेडसीट है। पैरामेडिकल स्टाफ के लिए क्वार्टर नहीं है।

कर्मचारियों की आवश्यक सूची आइ.पी.एच.एस. दिशा निर्देश के अनुसार –

- मेडिकल ऑफिसर 2 रेगुलर है। फार्मासिस्ट 1 है। नर्स मिडवाइ है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता महिला 1 है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता पुरुष 1 नहीं है। सहायक कार्यकर्ता महिला 1 नहीं है। नेत्र सहायक 1नहीं है। कर्लक 2 है। डेटा हैंडलर 1 है।

उपकरण एवं उपलब्धता–

- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति सामान्य है–

  ऑक्सीजन सिलिंडर है। वैक्सीन ले जाने के लिए डिब्बा दो हर सब सेंटर के लिए तथा एक पी.एच.सी. के लिए है। बी.पी मशीन 2 है। स्टैथोस्कोप 2 है। वयस्क वजन स्केल है। बच्चों का वजन स्केल है। वाइनाकुलर माइक्रोस्कोप नहीं है। आटो क्लेव है। फ्रीज है। कोल्ड बक्सा 8, 25 और 60 आइस पैक हर वैक्सीन कैरियर के साथ है। फ्रीज टैग दो हर आइ.एल.आर. के लिए हर है। आइस बॉक्स है, सामान्य डिलिवरी किट है। वैक्युम प्रसव के लिए औजार है। फोरिसिप प्रसव के लिए औजार नहीं है। सर्जिकल सेट एपिस्टोमीस के लिए नहीं है।

एम.बी.ए. का औजार नहीं है। कूड़ा फेंकने के लिए बालटी हाइपोक्लोराइड तथा ब्लीच के साथ है। थर्मामीटर है। कंप्यूटर, इंटरनेट की सुविधा है। आंखों की देखभाल तथा दृष्टि परीक्षण के लिए उपकरण नहीं है। बैटरी के साथ टार्च है। आवश्यक प्रयोगशाला जांच उपकरण है। आवश्यक नवजात शिशु देखभाल की सुविधा है। लंबाई मापने वाला स्केल है। नवजात शिशु के लिए टेबल लैंप 200 वाट बल्ब वाला है। नवजात शिशु के आकार का स्ल्प इन्फलैटीग बैग और मास्क है। लेरिनगोस्कोप तथा एंडोटेकल इंटुवेशन नहीं है। बलगम निकालने के लिए पैर से संचालित सक्शन मशीन है। बच्चे को दूधा पिलाने का ट्यूब नहीं है। स्पंज को पकड़ने के लिए फोरसिप 2 है। गर्भाशय फोरसिप 2 है। टेनाकुलम गर्भाशय फोरसिप 2 है। एम.वी.ए. सीरीज और कैनुबेल 4–8 आकार का है। किडनी ट्रे एम.वी.ए. सीरीज खाली करने के लिए है। टिशु टेनर नहीं है। सूखा बैटरी 1.5 वोल्ट है। कार्टन को डुबाने के लिए एंटीसेप्टिक कटोरा है। गंदे उपकरण रखने के लिए क्लोरिनयुक्त ट्रे है। पूरी तरह से चालू हालत में प्रसव के लिए औजार है।

फर्नीचर–

- प्लास्टिक कुर्सी 6 इंडोर पेशेंट के लिए है। बिना हत्थेवाली कुर्सी 16 है। स्टील का अलमारी 4 है, टीकाकरण/परिवार नियोजन/परमार्श के लिए टेबल है। प्रतिक्षा के लिए बेंच 2 है। पहिए वाली कुर्सी नहीं है। स्ट्रेचर 2 नहीं है। लोहे की स्क्रिन 1 है। पायदान 5 नहीं है। कोट रखने के लिए हैंगर 2 नहीं है। बिस्तर के बगल की मेज है। 6 बेड गाइड टेबल है। 12 इंडोर पेशेंट के लिए लोहे का बिस्तर 6 है। बच्चे का पालना 2 नहीं है। स्टूल 7 है। मेडिसिन चेस्ट 1 है। लैंप 1है। लकड़ी का साइड रैक है। पंखा 6 है। ट्यूबलाइट 8 है। बेसिन स्टैंड 2 है। बालटी 4 है। एल.पी.जी. स्टोव 1 किरोसिन स्टोव है। एल.पी.जी. सिलिंडर 1है। ढक्कन के साथ सॉसपैन 2 नहीं है। पानी स्टोर करने के लिए ड्रम 2 है। रबड़/प्लास्टिक संटिग 2 मीटर है। गद्दा 12 है। फोम गद्दा ओटी के लिए 2 है। प्रसव के लिए फोम गद्दे 2 है। बिस्तर की चादर 15 है। तकिया खोल के साथ 15 नहीं है। कंबल 12 है। बच्चों का कंबल 4 है। तौलिया 12 है। 20 मीटर पर्दा रॉड के साथ है। कचरे का डिब्बा 5 है।

सेवा उपलब्धता–

- प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नूरसराय. समान सेवाएं उपलब्ध हैं।
- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नियमित रूप से प्रसव पूर्व चिकित्सा आयोजित की जाती है। छोटे घावों का प्राथमिक उपचार किया जाता हैं घावों एवं फोड़ो की सूक्ष्म सर्जरी की जाती है। जले हुए मरीजों का प्राथमिक उपचार नहीं किया जाता है। 24 घंटे सामान्य प्रसव सुविधा उपलब्ध है। अनीमिया के मरीजों के खून की जांच नहीं होती है। गर्भवती महिला के पेशाब की जांच होती है। स्त्रियों के प्रजनन रोग संबंधी समस्यायों में अंदरूनी जांच की सुविधा नहीं है।स्त्री संबंधी रोग जैसे–सफेद प्रदर, मासिक धर्म विकार का उपचार नहीं होता है। एम.टी.पी. गर्भपात की सुविधा नहीं है। नवजात शिशु की देखभाल की सुविधाा उपलब्ध है।

अनौपचारिक खर्च–

- प्राथमिक स्वा0 केंद्र, नूरसराय. सुविधा समान है।
- अस्पताल से नि:शुल्क दवाइयां नहीं मिलती है।

बाहर से भी दवा खरीदने को कहा जाता है। बाहर से जांच के लिए कहा जाता है। प्राइवेट या सरकारी डॉक्टर के पास जाने के लिए कहा जाता है। नर्स या अन्य स्वास्थ्यकर्ता पैसे की मांग करते हैं।

